आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 04.08.2025** **समय : 07.10 pm**

**मुख्य समाचार :–**

- विधानसभा में आज मध्यप्रदेश महानगर क्षेत्र नियोजन सहित तीन विधेयक पेश किये गये।
- मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ किया गुना और शिवपुरी के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा।
- मध्यप्रदेश शिखर खेल अलंकरण समारोह कल भोपाल में आयोजित होगा।
- प्रदेशभर में सावन के अंतिम सोमवार पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़।
- एंडरसन–तेंदुलकर ट्राफी के पांचवें टेस्ट मैच में भारत ने इग्लैण्ड को 6 रनों से हराया, श्रृंखला 2–2 से बराबर।

**अब समाचार विस्तार से:–**

**विधानसभा**

मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के छठवें दिन आज सदन में तीन विधेयक पेश किए गए। नगरीय प्रशासन और विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मध्यप्रदेश महानगर क्षेत्र नियोजन और विकास विधेयक 2025 विधेयक पेश किया। इस विधेयक के तहत भोपाल और इंदौर के मेट्रोपॉलिटन रीजन की सीमाओं को परिभाषित किया गया है। भोपाल मेट्रोपॉलिटन रीजन में मंडीदीप, रायसेन, औबेदुल्लागंज, सांची, विदिशा, सीहोर, आष्टा, नरसिंहगढ़, और ब्यावरा जैसे क्षेत्रों को शामिल किया जाएगा। इंदौर मेट्रोपॉलिटन रीजन में इंदौर जिले के अलावा देवास, उज्जैन, बड़वाह, धार, सोनकच्छ और शाजापुर जिले के कुछ हिस्से शामिल होंगे।

श्रम मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने मध्यप्रदेश कारखाना संशोधन विधेयक 2025 और मध्यप्रदेश दुकान तथा स्थापना संशोधन विधेयक सदन में पेश किए। मप्र कारखाना संशोधन विधेयक 2025 – में प्रावधान है कि श्रमिकों की सुरक्षा और मानकों को अद्यतन किया जा सकेगा। जबकि दुकान और स्थापना विधेयक 2025 को व्यापारिक संस्थानों की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए लाया गया है।

**मुख्यमंत्री दौरा**

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज गुना और शिवपुरी जिलों में भारी बारिश में नुकसान का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अतिवृष्टि से प्रभावित लोगों से मुलाकात करने के साथ ही राहत कार्यों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि बाढ़ से हुए नुकसान का सर्वे करने के निर्देश दे दिये गये हैं।

**ए ग्रेडिंग**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल को नेशनल असेंसमेंट एंड एक्रिडिटेशन काउंसिल 'नैक' की "ए ग्रेडिंग" मिलने पर बधाई दी है। राज्यपाल ने कहा है कि विश्वविद्यालय को नैक द्वारा "ए ग्रेडिंग" मिलना शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान, कार्य कुशल प्रबंधन और नवाचारों की उत्कृष्टता का प्रमाण है। इससे विश्वविद्यालय की पहचान मजबूत होगी। विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय शोध और उच्च अध्ययन के नये अवसर सृजित होंगे। विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट संभावनाएं भी बढ़ेंगी। साथ ही विश्व के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के साथ समन्वय, सहभागिता और शोध अनुदान आदि की स्थिति बेहतर होगी।

**पंजीकरण**

महिला और बाल विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लिए विशेष पंजीकरण अभियान को 15 अगस्त तक बढ़ा दिया है। आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में घर–घर जाकर जागरूकता–सह–नामांकन अभियान का उद्देश्य सभी पात्र गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं तक पहुँचना और योजना के अन्तर्गत उनका समय पर पंजीकरण सुनिश्चित करना है। अब तक चार करोड़ पांच लाख से अधिक लाभार्थियों को उनके बैंक या डाकघर खातों में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से 19 हजार करोड़ रुपये से अधिक की मातृत्व लाभ राशि का भुगतान किया जा चुका है।

**एमओयू**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में आज भोपाल में राज्य आनंद संस्थान, दीनदयाल शोध संस्थान एवं मप्र जन अभियान परिषद के मध्य त्रिपक्षीय तथा मप्र जन अभियान परिषद और नर्मदा समग्र के मध्य द्विपक्षीय MoU पर हस्ताक्षर किए गए। ग्राम्य विकास और नदी संरक्षण को समर्पित ये महत्वपूर्ण साझेदारियां आनंद ग्रामों का विकास सुनिश्चित करते हुए 'विकसित मध्यप्रदेश' के निर्माण में मील का पत्थर सिद्ध होंगी। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. यादव जन अभियान परिषद के "माटी गणेश–सिद्ध गणेश" अभियान का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस एमओयू के अंतर्गत 10 लाख से अधिक गणेश प्रतिमाएं बनाई जायेगी।

**खेल अलंकरण**

मध्यप्रदेश शिखर खेल अलंकरण एवं 38वें नेशनल गेम्स 2025 के पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान समारोह कल भोपाल के रवीन्द्र भवन में होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में होने वाले सम्मान समारोह की अध्यक्षता खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग करेंगे। समारोह में 11 खिलाड़ियों को एकलव्य पुरस्कार और 12 खिलाड़ियों को विक्रम पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। समारोह में क्याकिंग–कैनोइंग प्रशिक्षक पीजूष कांती बारोई, तीरंदाजी प्रशिक्षक अशोक कुमार यादव और हॉकी प्रशिक्षक लोकेन्द्र शर्मा को विश्वामित्र पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। वहीं जिम्नास्टिक के रतनलाल वर्मा को लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। समारोह में 38वें नेशनल गेम्स 2025 के 34 स्वर्ण पदक विजेता, 25 रजत और 23 कास्य पदक विजेताओं को भी सम्मानित किया जायेगा।

**सावन सोमवार**

प्रदेशभर में सावन के आखिरी सोमवार के अवसर पर मंदिरों में श्रृद्धालु पहुंच रहे है। उज्जैन में शाम को बाबा महाकाल की राजसी सवारी निकाली जा रही है। मंदसौर में आज भगवान पशुपतिनाथ की शाही सवारी धूमधाम से निकाली गई। वही आगरमालवा के प्रसिद्ध, प्राचीन और ऐतिहासिक शिवालय श्री बैजनाथ महादेव मंदिर पर भक्तों की भीड़ देखी जा रही है। खंडवा जिले के ओंकारेश्वर में भी भगवान ओंकारेश्वर की सवारी निकाली गई। देवास, जबलपुर, नर्मदापुरम सहित अन्य जिलों में भी शिवालयों में श्रद्वालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है।

**क्रिकेट**

भारत ने आज लंदन के ओवल में एंडरसन–तेंदुलकर ट्रॉफी के अंतिम क्रिकेट टेस्ट में मेज़बान इंग्लैंड को छह रनों से रोमांचक जीत दिलाकर पाँच मैचों की श्रृंखला 2–2 से बराबर कर ली। भारत द्वारा निर्धारित 374 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मेज़बान टीम पाँचवें दिन अपनी दूसरी पारी में 367 रनों पर ऑल आउट हो गई। सिराज मैच के स्टार रहे और उन्होंने नौ विकेट लिए, जिनमें से पाँच दूसरी पारी में लिए गए। मोहम्मद सिराज को प्लेयर ऑफ़ द मैच घोषित किया गया। शुभमन गिल और हैरी ब्रुक दोनों को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

**मौसम**

मौसम विभाग ने प्रदेश के ग्वालियर–चंबल अंचल में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान ग्वालियर, दतिया और मुरैना जिलों में साढ़े आठ इंच बारिश होने की संभावना जताई है। इनके अलावा श्योपुर, निवाड़ी, गुना, शिवपुरी, अशोकनगर और छतरपुर जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी

किया गया है। यहां मध्यम से भारी बारिश के साथ गरज–चमक और बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। शेष बचे जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश के साथ आकाशीय बिजली की संभावना को देखते हुए यलो अलर्ट जारी किया गया है।

समाचार संक्षेप में .....

- मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्व–सहायता समूहों का तीन दिवसीय राखी मेले का उद्घाटन कल पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल करेंगे।
- भोपाल में 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' अभियान की शुरुआत हो गई है। 8 अगस्त तक देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रम होंगे।
- प्रख्यात पार्श्व गायक किशोर कुमार की 96वीं जयंती, उनकी जन्म स्थली खंडवा में बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किशोर प्रेमी खंडवा स्थित उनकी समाधि पर पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की
  और
- झाबुआ जिले में मातृधरा अभियान के अंतर्गत "नारी शक्ति से प्रकृति को शक्ति" थीम पर कन्या शिक्षा परिसर रोटला में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

----------------